अध्यक्ष महोदय : इनके लिये आपको नहीं कहना चाहिये । अपने लिए जो चाहें कहें ।

श्री बूटा सिंह : अपने लिए मैंने कहे हैं । अगर यह समझते हैं कि इनके लिए कहे हैं तो मैं वापिस लेता हूं ।

मैंने भी यत्न किया था कि पंजाब के जो लोग सरहदों पर रहते हैं उनके बारे में कुछ विचार किया जाए तो आपने रूलिंग दी थी कि जिस मामले के बारे में कोई मोशन नहीं है, हाउस के सामने वह मामला किसी शकल में नहीं है, न क्वेश्चन में है न रिपोट में है उस पर विचार करना न सदन के नेता का और न ही आपका कोई मौका बनता है । जो मामला स्वामी जी और शास्त्री जी ने उठाया है इसके बारे में भी वही शर्त लागू होती है । न तो कोई मोशन है पार्लिमेंट के सामने और न कोई प्रश्न है और न कोई रेजोल्यूशन है ।

दूसरी बात यह है कि जो पार्लिमेंटरी कमेटी बनी है उसने अभी तक अपनी कोई रिपोट नहीं दी है । शर्मा जी ने जो कुछ कहा मैं उसके साथ अपनी सहमति प्रकट करता हूं । इन हालात में किसी किस्म की बात कहना या किसी किस्म की धमकी देना पंजाब को जलाने की या पंजाब में ऐसे हालात पैदा करने की धमकी देना, मैं समझता हूं ऐसी बात है जिस पर एतराज़ हो सकता है और इसका मैं बड़े जोर से विरोध करता हूं । इस मामले पर कोई विचार नहीं होना चाहिये तब तक जब तक कि पार्लिमेंटरी कमेटी की और कैबिनेट सब-कमेटी की कोई रिपोट नहीं आ जाती है ।

श्री सत्यनारायण सिंहा : करीब करीब जो मैं कहना चाहता था उन्होंने कह दिया है । आप तो पार्लिमेंटरी कमटी के अध्यक्ष हैं । अभी उस कमेटी की कोई रिपोट सामने नहीं आई है । कैबिनेट सब-कमेटी की भी रिपोट अभी तक नहीं आई है । इस बीच वर्किंग कमेटी जो कांग्रेस की है उसकी सिफारिशें सामने आई हैं । मैं समझता हूं कि जब तक कोई मामला साफ न हो जाए, जब तक आपकी कमेटी की रिपोट न आ जाए, हाउस क्या डिसकस करेगा । मेरी समझ में नहीं आता है कि क्या कहा जाए ।

13.40½ hrs.

FIXATION OF MINIMUM PRICE FOR SUGARCANE DURING 1966-67

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Govinda Menon): Government have considered the question of fixation of minimum price of sugarcane payable by sugar factories during the season 1966-67 which would commence in October-November, 1966 and for which plantings are in progress at present. The Government have decided that the basic minimum price would continue to be the same as during the current season, namely, Rs. 5.36 per quintal (Rs. 2 per maund) linked to a recovery of 10.4 per cent or below subject to an increase of 4 paise per quintal for every 0.1 per cent increase in recovery above 10.4 per cent. The prices payable by individual factories shall be fixed on the above basis before the commencement of the next crushing season in October-November, 1966.

13.42 hrs.

GENERAL BUDGET—GENERAL DISCUSSION—*contd.*

Mr. Speaker: The House will now take up further discussion of the general budget. Shri D. N. Tiwary may now continue his speech.